पंजाब केसरी 07/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ ने उगाड़ा में ग्रामीण विद्यार्थियों को पढ़ाया

अम्बाला, 6 दिसम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन एवं डा. नेहा अग्रवाल के नेतृत्व में गांव उगाड़ा में ग्रामीण विद्यार्थियों को पढ़ाया गया। इस कार्यक्रम में गांव के विद्यार्थियों को उचित एवं सुगम तरीके से ज्ञान प्रदान किया गया। गांव के सरपंच ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

शिक्षा के संदर्भ में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि शिक्षा केवल शब्दों का ज्ञान नहीं है, बल्कि यह एक अवधारणा है जो अच्छे और बुरे का विवेक उत्पन्न करती है।

इससे समाज में एकरुपता, चरित्र नैतिकता और शिष्टाचार का उद्‌भव होता है, जो वर्तमान समय की मांग है और स्थिर समाज के लिए जरूरी है। इस अवसर पर डा. सरोज ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे समय निकालकर अपने आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा प्रदान करें, जिससे एक तो ग्रामीण बच्चों का विकास होगा और साथ ही एक सभ्य समाज की स्थापना में आप अपनी सहयोगिता स्थापित कर सकेंगे।